राज्य वन सेवा अकादमी, हल्द्वानी, उत्तराखंड के वर्ष 2016-18 के वन क्षेत्रपाल प्रशिक्षणार्थियो का उ.व.अ.सं (TFRI) भ्रमण

राज्य वन सेवा अकादमी, हल्द्वानी, उत्तराखंड में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे वर्ष 2016-18 के 38 वन क्षेत्रपाल प्रशिक्षणार्थियो नें दिनाँक 19/9/2016 को संस्थान का भ्रमण किया। उक्त प्रशिक्षणार्थी, श्री के. सी. पाठक, अनुदेशक के नेतृत्व में अपने प्रशिक्षण के दौरान मध्य भारत भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत, उ.व.अं. संस्थान में चल रही वानिकी अनुसंधान गतिविधियों को देखा। कार्यक्रम के आरंभ में डा नितिन कुलकर्णी, प्रभागाध्यक्ष वन विस्तार प्रभाग नें समस्त प्रशिक्षणार्थियो को संस्थान के कार्यो तथा उद्देश्यों से परिचित कराया। तत्पश्चात संस्थान के वैज्ञानिक डा. संजय सिंह नें प्रशिक्षणार्थियो को इस क्षेत्र की विभिन्न जैव विविधताओं से परिचित कराया तथा डा. अविनाश जैन ने विभिन्न पारिस्थितकीय समस्यायों के समाधान तथा सुझाओं हेतु उपलब्ध तकनिकों को अपनाने हेतु जानकारी प्रदान किया। प्रशिक्षणार्थियो नें संस्थान की प्रयोगशालाओं तथा प्रायोगिक क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न विषयों पर चल रहे अनुसंधान कार्यो के बारे मे संबधित वैज्ञानिकों से चर्चा की तथा जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान डा. एन. रायचौधरी, डा. सुमित चक्रवर्ती, डा.

पी. के. राणा एवं डा. राजेश कुमार मिश्रा का सहयोग सराहनीय रहा। भ्रमण का संचालन डा. एस.एन. मिश्रा द्वारा किया गया।